# उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज

## UPESSC, PRAYAGRAJ

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (**UPTET**)–2026

# Adv. No. 01/UPTET/2026

## Information Booklet
(निर्देश पुस्तिका)

उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग, 23 एलनगंज,
प्रयागराज–211002

**www.upessc.up.gov.in**

# उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23 एलनगंज, प्रयागराज–211002

## विषय–सूची


| कसं | विवरण | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | महत्वपूर्ण तिथियॉ | **1-1** |
| 2. | उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET) के आयोजन की पृष्ठभूमि | **1-1** |
| 3. | उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता | **1-2** |
| 4. | ऑनलाइन आवेदन | **2-2** |
| 5. | आवेदन शुल्क | **2-2** |
| 6. | पात्रता | **2-4** |
| 7. | परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम | **4-5** |
| 8. | परीक्षा अवधि व स्वरूप | **5-5** |
| 9. | लिखित परीक्षा के सम्बन्ध में विशेष नोट | **5-5** |
| 10. | अर्हक अंक | **5-6** |
| 11. | अनुप्रयोज्यता (Applicability) | **6-6** |
| 12. | यू0पी0टी0ई0टी0 प्रमाणपत्र की वैधता तथा वितरण | **6-6** |
| 13. | अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण अनुदेश | **6-9** |

# उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23 एलनगंज, प्रयागराज–211002

1. महत्वपूर्ण तिथियॉ :–

| | |
|---|---|
| विज्ञापन संख्या | 01/UPTET/2026 |
| उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET) | वर्ष 2026 |
| विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि | दिनांक 20.03.2026 |
| पंजीकरण / ऑनलाइन आवेदन / शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि | दिनांक 27.03.2026 |
| पंजीकरण / शुल्क जमा करने / ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि | दिनांक 26.04.2026 |
| शुल्क समाधान एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि | दिनांक 01.05.2026 |
| अभ्यर्थियों को परीक्षा जनपद की सूचना तिथि | दिनांक 22 जून 2026 |
| परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र निर्गत तिथि | दिनांक 30 जून 2026 |
| परीक्षा तिथि | 02, 03, 04 जुलाई 2026 |

2. उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET) के आयोजन की पृष्ठभूमि :–

**I.** शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 23 की उप–धारा (1) के प्रावधानों के अनुसार राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई) द्वारा दिनांक 23–अगस्त, 2010, दिनांक 29 जुलाई 2011 एवं दिनांक 28 जून 2018 की अधिसूचना के तहत कक्षा 1 से कक्षा 8 तक शिक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र होने हेतु किसी व्यक्ति के लिए न्यूनतम योग्यताएं निर्धारित की गयी हैं। शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009 की धारा–2 (एन) में दिये गये विद्यालयों में अध्यापक के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र होने हेतु एक आवश्यक योग्यता यह है कि उसे शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी) में उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसका आयोजन एन.सी.टी.ई द्वारा बनाये गये मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार सरकार द्वारा किया जायेगा। एन.सी.टी.ई. द्वारा दिनांक 11.02.2011 को शिक्षक पात्रता परीक्षा सम्पादित कराये जाने हेतु दिशानिर्देश जारी किये गये हैं।

**II.** उपरोक्त व्यवस्था के अनुपालन में उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा के आयोजन हेतु उ0प्र0 शासन के बेसिक शिक्षा विभाग के शासनादेश संख्या–5 / 2021 / 192 / अरसठ–4–2021–9(16) / 2020 दिनांक 15 मार्च 2021 द्वारा उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा 2020 एवं आगामी उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित कराये जाने हेतु संशोधित / नवीन मार्गदर्शी सिद्वान्त निर्गत किये गये है। उ0प्र0 पात्रता परीक्षा प्राथमिक(कक्षा 1 से 5 तक) में आवेदन हेतु न्यूनतम अर्हता एवं ई0डब्ल्यू0एस0 अर्हक अंक में परिवर्तत के दृष्टिगत् उ0प्र0 शासन के बेसिक शिक्षा विभाग के शासनादेश संख्या–233 / 2021 / 192 / अरसठ–4–2021–9(16) / 2020 दिनांक 13 मार्च 2026 निर्गत किया गया है।

**III.** उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 दिनांक 21 अगस्त 2023 के नियम–9(ख) में उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित कराये जाने हेतु आयोग को अधिकृत किया गया है।

**IV.** परीक्षा का आयोजन प्रदेश के विभिन्न भर्ती आयोग, चयन बोर्ड के चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से कराये जाने सम्बन्धित दिशा–निर्देश के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या–6 / 2024 / 148 / सामान्य / 47 / का–4–2024 कार्मिक अनुभाग–4 दिनांक 19 जून 2024 तथा शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत आदेशों के क्रम में किया जायेगा।

**V.** एक शिक्षक के रूप में नियुक्ति का पात्र होने हेतु एक व्यक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता के रूप में टीईटी को शामिल करने का तार्किक आधार इस प्रकार है :–

**a.** यह भर्ती प्रक्रिया में शिक्षक गुणवत्ता का राष्ट्रीय स्तर और मानक लाएगा।

**b.** यह शिक्षा संस्थानों व इन संस्थानों के शिक्षक और छात्रों को अपने निष्पादन स्तरों से आगे सुधार के लिए प्रेरित करेगा।

**c.** इससे सभी सम्बन्धित को एक सकारात्मक संकेत जायेगा कि सरकार शिक्षक गुणवत्ता पर विशेष जोर दे रही है।

3. उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता :–

3.1– द्विस्तरीय परीक्षा प्रणाली प्रभावी होने के दृष्टिगत् उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की परिधि में आने वाले प्राथमिक(कक्षा 1 से 5) एवं उच्च प्राथमिक(कक्षा 6 से 8) के विद्यालयों में रिक्त सहायक अध्यापकों

के पदों पर चयन हेतु इच्छुक समस्त अभ्यर्थियों द्वारा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा में अर्हक अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

3.2– यह भी स्पष्ट किया जाता है कि मात्र उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET)–2026 में आवेदन करने, प्रतिभाग करने अथवा उसके परिणाम/स्कोर कार्ड निर्गत होने के आधार पर किसी भी पद के सापेक्ष चयन पर विचार किये जाने हेतु कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा।

4. **ऑनलाइन आवेदन :–**

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर **प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET)**–2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन पद्धति (online application system) लागू है। सूच्य है कि अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट **www.upessc.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें। सभी अभ्यर्थियों को One Time Registration(OTR) करना अनिवार्य होगा। One Time Registration(OTR) के बाद ही सन्दर्भित परीक्षा हेतु आवेदन किया जा सकेगा, जो अभ्यर्थी प्राथमिक(1 से 5) व उच्च प्राथमिक(6 से 8) कक्षा दोनों में शिक्षक पात्रता परीक्षा में प्रतिभाग करना चाहते हैं और जिसके लिए वह आवश्यक अर्हता धारित करते हैं उन्हें एक ही आनलाइन आवेदन में दोनों प्रश्न–पत्रों के परीक्षा के चयन की सुविधा उपलब्ध होगी। आनलाइन आवेदन भरने के लिये निर्देश पुस्तिका(User Manual) हिन्दी व अंग्रेजी में तथा प्रशिक्षण वीडियो(Tutorial Videos) आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी आवेदन से पूर्व इसे ध्यानपूर्वक पढ़ें।

5. **आवेदन शुल्क :–**

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (**UPTET**)–2026 हेतु अभ्यर्थी अपनी श्रेणी के अनुसार निर्धारित शुल्क का भुगतान करें। ऑनलाइन आवेदन हेतु श्रेणीवार निर्धारित शुल्क का विवरण निम्नवत है :–

| क.स. | वर्ग/श्रेणी | आवेदन शुल्क(पेपर–**I**) | आवेदन शुल्क(पेपर–**II**) |
|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य/ईब्ल्यू0एस0/अन्य पिछड़ा वर्ग | 1000 | 1000 |
| 2. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 500 | 500 |
| 3. | दिव्यांग श्रेणी | 300 | 300 |

6. पात्रता :–

**यू०पी० टी०ई०टी० 2026 में शामिल होने के लिए निम्नलिखित अभ्यर्थी पात्र होगें–**

6.1. कक्षा 1 से 5 हेतु उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा में आवेदन के लिए न्यूनतम अर्हता :–

विधि द्वारा स्थापित एवं यू०जी०सी० से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) से मान्यता के उपरान्त उत्तर प्रदेश शासन से सम्बद्धता प्राप्त संस्था से दो वर्षीय डी०एल०एड० (बी०टी०सी०) के अन्तिम वर्ष में शामिल होने वाले अथवा उत्तीर्ण

अथवा

विधि द्वारा स्थापित एवं यू०जी०सी० से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण तथा दूरस्थ शिक्षा विधि से अप्रशिक्षित/स्नातक शिक्षामित्रों का द्विवर्षीय बी०टी०सी० के अन्तिम वर्ष में शामिल होने वाले अथवा उत्तीर्ण

अथवा

विधि द्वारा स्थापित एवं यू०जी०सी० से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से शिक्षा शास्त्र में दो वर्षीय डिप्लोमा (डी.एड.)/भारतीय पुनर्वास परिषद (RCI) द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से शिक्षा शास्त्र में दो वर्षीय डिप्लोमा (डी. एड. विशेष शिक्षा) के अन्तिम वर्ष में शामिल होने वाले अथवा उत्तीर्ण

अथवा

विधि द्वारा स्थापित एवं यू०जी०सी० से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से स्नातक तथा उत्तर प्रदेश में संचालित राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त विशिष्ट बी०टी०सी० प्रशिक्षण के अंतिम वर्ष में शामिल होने वाले अथवा उत्तीर्ण।

अथवा

विधि द्वारा स्थापित एवं यू०जी०सी० से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से स्नातक तथा उत्तर प्रदेश में संचालित दो वर्षीय बी०टी०सी० उर्दू विशेष प्रशिक्षण के अंतिम वर्ष में शामिल होने वाले अथवा उत्तीर्ण।

अथवा

विधि द्वारा स्थापित एवं यू०जी०सी० से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से स्नातक तथा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से डिप्लोमा इन टीचिंग के अंतिम वर्ष में शामिल होने वाले अथवा उत्तीर्ण।

अथवा

विधि द्वारा स्थापित एवं यू०जी०सी० से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से स्नातक तथा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से दिनांक 11.08.1997 के पूर्व के मोअल्लिम–ए– उर्दू उपाधि धारक (उर्दू शिक्षक हेतु)।

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ इण्टरमीडिएट अथवा इसके समकक्ष तथा चार वर्षीय प्रारम्भिक शिक्षा शास्त्र में स्नातक (बी०एल०एड०) के अंतिम वर्ष में शामिल होने वाले अथवा उत्तीर्ण।

6.2. <u>कक्षा 6 से 8 हेतु उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (**UPTET**) में आवेदन हेतु न्यूनतम अर्हता :–</u>

विधि द्वारा स्थापित एवं यू०जी०सी० से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) से मान्यता के उपरान्त उत्तर प्रदेश शासन से सम्बद्धता प्राप्त संस्था से दो वर्षीय डी०एल०एड० (बी०टी०सी०) के अंतिम वर्ष में शामिल होने वाले अथवा उत्तीर्ण।

अथवा

विधि द्वारा स्थापित एवं यू०जी०सी० से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक अथवा परास्नातक और एन.सी.टी.ई. से मान्यता प्राप्त संस्था से शिक्षा शास्त्र में स्नातक (बी०एड०) के अंतिम वर्ष में शामिल होने वाले अथवा उत्तीर्ण

अथवा

विधि द्वारा स्थापित एवं यू०जी०सी० से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक अथवा परास्नातक तथा शिक्षा शास्त्र में स्नातक(बी०एड०) जो इस सम्बन्ध में समय–समय पर जारी किये गये राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (मान्यता, मानदण्ड तथा क्रिया विधि) विनियमों के अनुसार प्राप्त किया गया हो।

अथवा

विधि द्वारा स्थापित एवं यू०जी०सी० से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक अथवा परास्नातक और एन.सी.टी.ई. से मान्यता प्राप्त संस्था/भारतीय पुनर्वास परिषद (RCI) द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से शिक्षा शास्त्र (विशेष शिक्षा) के बी0एड0 विशेष शिक्षा के अंतिम वर्ष में शामिल होने वाले अथवा उत्तीर्ण

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ इण्टरमीडिएट अथवा इसके समकक्ष एवं एन.सी.टी.ई/यू.जी.सी. से मान्यता प्राप्त संस्था से चार वर्षीय बी.एड/बी.ए.बी.एड के अंतिम वर्ष में शामिल होने वाले अथवा उतीर्ण।

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ इण्टरमीडिएट अथवा इसके समकक्ष एवं एन.सी.टी.ई./यू.जी.सी. से मान्यता प्राप्त संस्था से चार वर्षीय बी.एस.सी.एड./बी.एस.सी. बी.एड. के अंतिम वर्ष में शामिल होने वाले अथवा उत्तीर्ण।

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ इण्टरमीडिएट अथवा इसके समकक्ष एवं चार वर्षीय प्रारम्भिक शिक्षा शास्त्र में स्नातक (बी0एल0एड0) के अंतिम वर्ष में शामिल होने वाले अथवा उत्तीर्ण।

अथवा

विधि द्वारा स्थापित एवं यू०जी०सी० से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक और भारतीय पुनर्वास परिषद (R.C.I) द्वारा मान्यता प्राप्त एक वर्षीय बी०एड० (विशेष शिक्षा) में शामिल होने वाले अथवा उत्तीर्ण।

6.3. टिप्पणी :–

I. उ0प्र0 शासन द्वारा आरक्षण नियमों से आच्छादित सम्बन्धित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम अंको में छूट अनुमन्य होगी।

II. इस अधिसूचना के उद्देश्यों के लिए केवल राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (N.C.T.E.) द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षक शिक्षा में डिप्लोमा/डिग्री कोर्स पर विचार होगा, तथापि शिक्षा में डिप्लोमा डी०एड० (विशेष शिक्षा) और बी०एड० (विशेष शिक्षा) की स्थिति में केवल भारतीय पुनर्वास परिषद (रिहैबिलिटेशन काउंसिल आफ इण्डिया) द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स पर ही विचार होगा।

III. एन.सी.टी.ई. से मान्यता प्राप्त संस्थानों से शिक्षा स्नातक की उपाधि (बी०एड०) प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिक विद्यालयों (कक्षा 1 से 5) में नियुक्ति हेतु विचार किये जाने पर प्राथमिक शिक्षक के रूप में नियुक्त होने के दो वर्ष के भीतर एन.सी.टी.ई. द्वारा मान्यता प्राप्त प्राथमिक शिक्षा में 6 माह का एक सेतु पाठ्यक्रम (ब्रिज कोर्स) आवश्यक रूप से पूरा करना होगा।

IV. डी०एड० (विशेष शिक्षा) की योग्यता वाले व्यक्ति को नियुक्ति के बाद प्रारम्भिक शिक्षा में एन.सी.टी.ई. द्वारा मान्यता प्राप्त 6 माह का विशेष कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।

V. ऊपर निर्दिष्ट न्यूनतम योग्यताएं भाषा, सामाजिक अध्ययन या सामाजिक विज्ञान/गणित, विज्ञान इत्यादि के शिक्षकों के लिए लागू है। शारीरिक शिक्षा के शिक्षकों के सम्बन्ध में एन.सी.टी.ई. विनियम दिनांक 03.11.2001 (समय–समय पर यथा संशोधित) में उल्लिखित शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के लिए न्यूनतम योग्यता मानदण्ड लागू होंगे। कला शिक्षा, शिल्प शिक्षा, गृह विज्ञान एवं कार्य शिक्षा इत्यादि के शिक्षकों के लिए राज्य सरकार द्वारा निर्धारित वर्तमान पात्रता मानदण्ड तब तक लागू रहेंगे जब तक एन.सी.टी.ई. ऐसे शिक्षकों के सम्बन्ध में न्यूनतम योग्यता निर्धारित नहीं करती है।

VI. ऐसे अभ्यर्थी जो शिक्षा शास्त्र में स्नातक डिग्री (बी०एड०) अथवा प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी०एल०एड०) के अन्तिम वर्ष में शामिल हो रहे हैं को अनन्तिम रूप से शामिल किया जायेगा और उनका यू०पी०टी०ई०टी० प्रमाण पत्र उक्त परीक्षाओं के उत्तीर्ण करने पर ही वैध होगा।

VII. ऐसे अभ्यर्थी जिनके पास उपर्युक्त योग्यता नहीं होगी वह उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र नहीं होंगे।

## 7. परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम :–

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET)–2026 की लिखित परीक्षा हेतु प्राथमिक(कक्षा 1 से 5) की परीक्षा योजना निम्नवत है :–

### संरचना एवं विषय सूची (सभी अनिवार्य)

| क्र.सं | विषय वस्तु | प्रश्नों की संख्या | अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | बाल विकास एवं शिक्षण विधि (अनिवार्य) | 30 MCQs | 30 |
| 2. | भाषा प्रथम (हिन्दी) (अनिवार्य) | 30 MCQs | 30 |
| 3. | भाषा द्वितीय (अंग्रेजी/उर्दू/संस्कृत) (अनिवार्य) | 30 MCQs | 30 |
| 4. | गणित (अनिवार्य) | 30 MCQs | 30 |
| 5. | पर्यावरणीय अध्ययन (अनिवार्य) | 30 MCQs | 30 |
| कुल | | **150 MCQs** | 150 अंक |

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET)–2026 की लिखित परीक्षा हेतु उच्च प्राथमिक(कक्षा 6 से 8) की परीक्षा योजना निम्नवत है :–

## संरचना एवं विषय सूची (सभी अनिवार्य)

| क्र.सं | विषय वस्तु | प्रश्नों की संख्या | अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | बाल विकास और शिक्षण विधि (अनिवार्य) | 30 MCQs | 30 |
| 2. | भाषा प्रथम हिन्दी (अनिवार्य) | 30 MCQs | 30 |
| 3. | भाषा द्वितीय (अंग्रेजी / उर्दू / संस्कृत) (अनिवार्य) | 30 MCQs | 30 |
| 4. | (क) गणित एवं विज्ञान शिक्षक के लिए गणित / विज्ञान<br>(ख) सामाजिक अध्ययन या सामाजिक विज्ञान शिक्षक के लिए सामाजिक अध्ययन<br>(ग) अन्य किसी शिक्षक के लिए (क) अथवा (ख) कोई भी | 60 MCQs | 60 |
| कुल | | **150 MCQs** | 150 अंक |

नोट : उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (**UPTET**)–2026 की लिखित परीक्षा हेतु प्राथमिक(कक्षा 1 से 5) तथा उच्च प्राथमिक(कक्षा 6 से 8) स्तर का पाठ्यक्रम परिशिष्ट–**5** पर संलग्न है।

8. परीक्षा की अवधि तथा स्वरूप :–

**I.** परीक्षा की अवधि **ढाई घण्टा** अर्थात् कुल **150 मिनट** होगी।

**II.** परीक्षा के समस्त प्रश्न बहुविकल्पीय (MCQ) होंगे, प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प होंगे।

**III.** नकारात्मक मूल्यांकन नहीं होगा।

**IV.** प्रश्नों की संख्या **150** होगी, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का होगा।

**V.** प्रश्न पत्र का माध्यम **'हिन्दी'** तथा **'अंग्रेजी'** होगा(भाषा के विषयों को छोड़कर)।

9. लिखित परीक्षा के सम्बन्ध में विशेष नोट :–

यदि उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET)–2026 हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या अत्यधिक होती है और आयोग के लिए समस्त अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा एक ही पाली (Shift) / दिन(Day) में आयोजित किया जाना सुविधाजनक नहीं होता है तो उक्त लिखित परीक्षा एक से अधिक पालियों (Shifts) / दिनों(Days) में आयोजित की जा सकती है। यदि परीक्षा एक से अधिक पालियों (Shifts) / दिनों(Days) में आयोजित की जाती है तो अभ्यर्थियों के तुलनात्मक मूल्यांकन हेतु स्कोर के नार्मलाइजेशन की प्रक्रिया लागू होगी। स्कोर के नार्मलाइजेशन की उक्त प्रक्रिया आयोग की सूचना / विज्ञप्ति संख्या–शि0से0आयोग / 2018 / 2025–26 दिनांक 26.02.2026 में विहित प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा। इस सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

10. अर्हक अंक :–

**I.** UP-TET में शामिल होने वाले अभ्यर्थियो के अंकों का विवरण आयोग की वेबसाइट पर जारी किया जायेगा। पूर्णांक **150** में से **90** अंक अर्थात **60** प्रतिशत और अधिक अंक प्राप्त करने वाले सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को पात्रता प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।

**II.** अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / ई0डब्ल्यू0एस0 / स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित / भूतपूर्व सैनिक व दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम अर्हक अंक **55** प्रतिशत अर्थात् पूर्णांक **150** में से **82** अंक होगा।

**III.** UP-TET में अर्हता प्राप्त करने से किसी व्यक्ति का भर्ती / रोजगार के लिए अधिकार नहीं होगा क्योंकि यह नियुक्ति के लिए केवल पात्रता मानदण्डों में से एक है।

**IV.** ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक का मूल्यांकन इलेक्ट्रानिक संसाधन द्वारा कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से सम्पादित कराया जाता है। अतः अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा के समय निर्गत ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक में गलत सूचना अंकित करने, गलत अनुक्रमांक भरने, गलत रजिस्ट्रेशन सं० भरने एवं प्रश्न पुस्तिका क्रमांक भाषा विकल्प / पार्ट–IV (विज्ञान / गणित या सामाजिक विज्ञान) के गोले को काला न करने पर उसका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा एवं इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के प्रत्यावेदन विचारणीय नहीं होंगे।

इसके लिए आवश्यक है कि अभ्यर्थी परीक्षा के समय प्रश्न पुस्तिका में दिये गये महत्वपूर्ण निर्देशों का अनुसरण करें।

**V.** अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा के समय निर्गत ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक में प्रश्न पुस्तिका क्रमांक के कॉलम में काले किये गये गोले के आधार पर ही अभ्यर्थी के ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक का मूल्यांकन किया जायेगा। परीक्षा के उपरान्त प्रश्न पुस्तिका क्रमांक के गलत अंकन से सम्बन्धित प्रत्यावेदन विचारणीय नहीं होंगे। इसके लिए आवश्यक है कि अभ्यर्थी परीक्षा के समय उपलब्ध करायी गयी प्रश्न पुस्तिका में दिये गये महत्वपूर्ण निर्देशों का अनुशरण करें।

11. **अनुप्रयोज्यता (Applicability)** :– उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आवेदित उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (UP-TET) में अपेक्षित न्यूनतम प्रतिशत अथवा अंक के साथ उत्तीर्ण अभ्यर्थी निम्नलिखित विद्यालर्यो में नियुक्ति हेतु पात्र होंगे:–

11.1 प्राथमिक स्तर :–

**I.** ऐसे सभी विद्यालय जो राज्य सरकार द्वारा संचालित हो।

**II.** स्थानीय निकाय एवं जिन्हें राज्य सरकार/बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा समय–समय पर सम्बद्धता/मान्यता प्रदान की गयी हो।

**III.** जो राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त हो।

**IV.** ऐसे समस्त विद्यालय जिन्हें किसी भी राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त हो तथा जिन्हें राज्य सरकार द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया हो।

11.2 उच्च प्राथमिक स्तर :–

**I.** ऐसे सभी विद्यालय जो राज्य सरकार द्वारा संचालित हो।

**II.** स्थानीय निकाय एवं जिन्हें राज्य सरकार/बेसिक शिक्षा परिषद/माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा समय–समय पर संचालन हेतु मान्यता/सम्बद्धता प्रदान की गयी हो।

**III.** जो राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त हो।

**IV.** ऐसे समस्त विद्यालय जिन्हें राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया हो तथा किसी भी राष्ट्रीय बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त हो।

12. यू0पी0टी0ई0टी0 प्रमाणपत्र की वैधता तथा वितरण :–

**I.** उत्तर प्रदेश शासन, के पत्र संख्या–392/अरसठ–4–2021–9(16) बेसिक शिक्षा अनुभाग–4, लखनऊ दिनांक 16 जून 2021 के क्रम में उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा प्रमाण पत्र की वैद्यता सभी श्रेणियों के लिए परीक्षा परिणाम जारी किये जाने की तिथि से आजीवन(Lifetime) तक प्रभावी होंगे।

**II.** आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा प्रमाण पत्र का वितरण इलेक्ट्रानिक माध्यम(डीजी लॉकर) के माध्यम से दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

**III.** प्रमाण पत्र में अभ्यर्थी के फोटो, वर्ग(जाति) एवं विशेष आरक्षण श्रेणी में किसी भी प्रकार का परिवर्तन/संशोधन नहीं किया जायेगा, अतः आवेदन करते समय विशेष सतर्कता बरतें।

13. अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण अनुदेश :–

**I.** उत्तर प्रदेश के आरक्षित श्रेणी के सभी अभ्यर्थी आवेदन में अपनी श्रेणी अवश्य अंकित करें।

**II.** किसी भी आरक्षण का लाभ उत्तर प्रदेश के मूल निवासी के लिए ही अनुमन्य है।

**III.** अभ्यर्थी के अर्ह/अनर्ह होने के संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

**IV.** हाईस्कूल अथवा समकक्ष उत्तीर्ण परीक्षा के प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी। जन्मतिथि हेतु उक्त प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होगा।

**V.** आयु एवं शैक्षिक योग्यता की पुष्टि में अंकपत्र, प्रमाण पत्र, उपाधि की स्वप्रमाणित प्रति मॉगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा।

**VI.** आयोग द्वारा परीक्षा की तिथि, समय, परीक्षा जनपद तथा परीक्षा केन्द्र आदि के सम्बन्ध में सूचना प्रवेश पत्र के माध्यम से अनुक्रमांक सहित दी जायेगी। अभ्यर्थियों को आवंटित परीक्षा केंद्र पर ही परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केंद्र, तिथि व समय में किसी भी दशा में परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा। इस सम्बन्ध में कोई भी प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**VII.** आवेदन पत्र में जन्मतिथि का उल्लेख न करने, अधिवयस्क या अल्पवयस्क होने पर, न्यूनतम शैक्षिक अर्हता धारित न करने पर अथवा गलत/मिथ्या सूचना देने पर अभ्यर्थन स्वतः निरस्त माना जाएगा।

**VIII.** किसी भी अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र में गलत तथ्यों को, जिनकी प्रमाण पत्र के आधार पर पुष्टि नहीं की जा सकती, देने पर आयोग की प्रश्नगत परीक्षा तथा अन्य समस्त परीक्षाओं एवं चयनों से प्रतिवारित (Debar) किया जा सकता है।

**IX.** आयोग अभ्यर्थियों को उनके द्वारा दी गयी सूचनाओं के आधार पर लिखित परीक्षा में औपबंधिक प्रवेश देगा, किन्तु बाद में किसी भी स्तर पर यह पाये जाने पर कि अभ्यर्थी द्वारा गलत सूचना दी गयी थी और वह अर्ह नहीं था अथवा उसका आवेदन प्रारम्भिक स्तर पर स्वीकार किए जाने योग्य नहीं था, उक्त स्थिति में अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।

**X.** अनाचार/कदाचार अर्थात परीक्षा भवन में नकल करने/कराने, अनुशासनहीनता, दुर्व्यहार तथा अवांछनीय कार्य करने पर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। इन अनुदेशों की अवहेलना करने पर अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा(अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम 2024 अधिसूचना संख्या–338/79–वि–1–2024–1–क–2024 दिनांक 6 अगस्त 2024 में निहित प्रावधानों के आलोक में UFM(अनुचित साधन) में चिन्हित अभ्यर्थियों के दण्ड का प्रावधान किया जायेगा और उसे भविष्य में होने वाली परीक्षाओं से प्रतिवारित (**Debar**) किया जा सकता है।

**XI.** आयोग किसी भी अभ्यर्थी से व्यक्तिगत पत्राचार नहीं करता है। सभी सूचनाएं आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाती हैं। अतः सभी परीक्षार्थियों/अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे विज्ञापन से संबन्धित समस्त सूचनाओं हेतु नियमित रूप से आयोग की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

**XII.** आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को उनकी पात्रता के सम्बन्ध में कोई परामर्श नहीं दिया जाता है, इसलिए अभ्यर्थी को विज्ञापन का सावधानीपूर्वक अध्ययन करना चाहिए और वह तभी आवेदन करें जब वह संतुष्ट हो जायें कि वह विज्ञापन की शर्तों के अनुरूप अर्ह हैं।

**XIII.** किसी अनाचार/कदाचार, किसी महत्वपूर्ण सूचना को छिपाने, अभियोजन/अपराधिक वाद लंबित होने, दोष सिद्ध होने, एक से अधिक जीवित पति या पत्नी के होने, तथ्यों को गलत प्रस्तुत करने तथा अभ्यर्थन/चयन के संबंध में सिफारिश करने आदि कृत्यों में लिप्त पाए जाने पर अभ्यर्थन निरस्त करने तथा आयोग की परीक्षाओं एवं चयनों से प्रतिवारित (**Debar**) करने का अधिकार आयोग को होगा।

**XIV.** यदि अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन भरने में कोई कठिनाई उत्पन्न हो रही है तो निम्नलिखित दूरभाष नंबर अथवा ईमेल आई0डी0 पर संपर्क कर अपनी कठिनाई/समस्या का हल प्राप्त कर सकते हैं :–

| | **Technical Support (Application Related Issue)** | **Bank Payment Support (Payment Related Issue)** | | **UPESSC Commission Support (Eligibility Related Issue)** |
|---|---|---|---|---|
| | | **SBI BANK** | **ICICI BANK** | |
| **Mo.No** | +919899677276<br>**(09 AM - 06 PM)**<br>**(Monday - Saturday)** | 022-65361671<br>**(24x7)** | 0532-2465630<br>9653686149, 7007956300<br>7275247672, 8097506200<br>**(9:30 AM – 06:30 PM)**<br>**(Working Days)** | 0532-2466851<br>**(10 AM - 05 PM)**<br>**(Monday - Saturday)** |
| **Email** | uptet.support@upessc.org | sbiepay@sbi.co.in | rana.prateek@icici.bank.in<br>adhiraj.singh@icici.bank.in | upmsscball@gmail.com |

**XV.** ऐसे पुरुष अभ्यर्थी जो विवाहित हैं तथा जिनकी एक से अधिक जीवित पत्नियॉ हैं अथवा ऐसी महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे पुरुष से विवाह किया है जिसके पहले से ही एक जीवित पत्नी है, पात्र नहीं समझे जाएंगे, बशर्ते कि राज्यपाल महोदय द्वारा उक्त प्रतिबंध से मुक्ति प्रदान न कर दी गई हो।

**XVI.** ऑनलाइन आवेदन सबमिट हो जाने के पश्चात् आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि तक ही आवेदन में कोई संशोधन किया जा सकेगा। उक्त तिथि के बाद आवेदन पत्र में कोई परिवर्तन या संशोधन संभव नहीं होगा। अतः रजिस्ट्रेशन करते समय व आवेदन सबमिट करते समय सभी वांछित सूचनायें सावधानीपूर्वक सही–सही भरें और गलत फोटो अपलोड न करें। ऑनलाइन प्रक्रिया

में आवेदक द्वारा भरी गई सूचनाएं अंतिम मानी जायेंगी व उनके आधार पर ही अभ्यर्थियों की विभिन्न मुख्य परीक्षाओं हेतु शार्टलिस्टिंग आदि की कार्यवाही की जाएगी। अतः यदि आवेदन की अंतिम तिथि तक आवेदन पत्र में कोई त्रुटि अभ्यर्थियों के संज्ञान में आती है तो अभ्यर्थी आवेदन पत्र में संशोधन की अंतिम तिथि तक उक्त संशोधन अवश्य कर लें। इस संबन्ध में आयोग से किया जाने वाला पत्राचार मान्य नहीं होगा। अभ्यर्थी द्वारा गलत/त्रुटिपूर्ण विवरण भरे जाने की स्थिति में अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है। इस सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

**XVII.** यदि किसी अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी गई है तो इसका यह अर्थ नहीं लिया जायेगा कि अभ्यर्थी की पात्रता प्रमाणित हो गई है, इससे अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिए कोई अधिकार नहीं मिलता है। पात्रता संबंधित भर्ती एजेन्सी/नियोक्ता प्राधिकारी द्वारा अंतिम रूप से प्रमाणित की जाएगी। अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पहले अपनी योग्यता से पूर्णतः संतुष्ट होना चाहिए और यदि वह दिए गए योग्यता मानदण्ड के अनुसार आवेदन के लिए योग्य नहीं हैं तो वे आवेदन न करें और फिर भी आवेदन करते हैं तो इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**XVIII.** भ्रामक, गलत अथवा असत्य सूचना देने पर परीक्षा परिणाम रद्द कर दिया जाएगा, प्रमाण–पत्र जब्त कर लिया जाएगा और उपयुक्त मामलों में मुकदमा भी चलाया जा सकता है।

**XIX.** मशीन (इलेक्ट्रानिक संसाधन) के माध्यम से स्कैनिंग की जाने वाली मूल्यांकन में अत्यंत सावधानी बरती जाती है व इनकी बारंबार संवीक्षा की जाती है। ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक की पुनः जांच, पुनः आंकलन, पुनः मूल्यांकन अथवा संवीक्षा के लिए निवेदन व इस सम्बन्ध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**XX.** दिव्यांग उम्मीदवारों के संबंध में निम्नलिखित निर्देश लागू हैं– पूर्ण रूप से दृष्टिबाधित **(Blind)** एवं शारीरिक रूप से अशक्त ऐसे अभ्यर्थियों को 'श्रुतलेखक' की सुविधा दी जा सकती है, जो लिखने में अथवा गोला काला करने में सर्वथा असमर्थ हो। किन्तु 'श्रुतलेखक' को अभ्यर्थी अपने साथ स्वयं लायेगा।

परीक्षा केन्द्र पर, श्रुत लेखक को परीक्षा में सम्मिलित कराये जाने में कोई कठिनाई न हो इसके लिए अनिवार्य है कि, परीक्षार्थी 'श्रुतलेखक' को परीक्षा में अपने साथ ला रहा है, इस आशय का प्रत्यावेदन परीक्षा तिथि से पूर्व परीक्षा केन्द्र के केन्द्रव्यवस्थापक को प्रस्तुत कर 'श्रुतलेखक' को बैठाए जाने की अनुमति प्राप्त कर ले। परीक्षार्थी को उक्त आशय के प्रत्यावेदन के साथ पूर्ण रूप से दृष्टिबाधित (Blind) होने/लिखने व गोला काला करने में सर्वथा असमर्थ होने सम्बन्धित मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र, परीक्षार्थी का फोटो पहचान पत्र, 'श्रुतलेखक' के शैक्षिक योग्यता का प्रमाणपत्र, एवं 'श्रुतलेखक' का फोटो पहचान पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**XXI.** 'श्रुतलेखक' की शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात् जिस वर्ष की शिक्षक पात्रता परीक्षा हो रही हो, 'श्रुतलेखक' उसी वर्ष की इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होने वाला अथवा उसी वर्ष इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण हो चुका हो, ऐसा अभ्यर्थी ही 'श्रुतलेखक' के रूप में मान्य किया जाएगा। 'श्रुतलेखक' हेतु परीक्षा के समय में छूट प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में व्यवस्था उ0प्र0, शासनादेश संख्या–आई0/210789/2022/65–3099/135/2022 दिव्यांगजन सशक्तीकरण अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक 08 सितम्बर 2022 में विहित दिशा–निर्देशों एवं समय–समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार होगा।

**उदाहरण**– यदि उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा वर्ष 2026 की है, तो 'श्रुतलेखक' वर्ष 2027 की इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होने वाला अथवा वर्ष 2026 में इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाला अभ्यर्थी होना चाहिए।

**XXII.** दिव्यांग अभ्यर्थियों को न्यूनतम **40 प्रतिशत** या इससे अधिक प्रतिशत के दिव्यांग होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर उन्हें ही दिव्यांग अभ्यर्थी के रूप में विशेष आरक्षण श्रेणी का लाभ प्रदान किया जाएगा परन्तु परीक्षा में 'श्रुतलेखक' साथ लाने व परीक्षा अवधि में अतिरिक्त 30 मिनट प्रदान किये जाने का लाभ केवल उन्ही परीक्षार्थियों को प्रदान किया जाएगा जो पूर्ण रूप से दृष्टिबाधित (Blind)/लिखने व गोला काला करने में सर्वथा असमर्थ हो।

**XXIII.** पूर्ण रूप से दृष्टिबाधित एवं शारीरिक रूप से अशक्त ऐसे अभ्यर्थी जो लिखने अथवा गोला काला करने में सर्वथा असमर्थ हो, को ही परीक्षा अवधि में 30 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया

जायेगा। परीक्षा अवधि में 30 मिनट के अतिरिक्त समय की मांग हेतु, परीक्षार्थी को परीक्षा तिथि के पूर्व ही परीक्षा केन्द्र के केन्द्रव्यस्थापक को इस आशय का प्रत्यावेदन समस्त सुसंगत अभिलेखों सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**XXIV.** आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा में कारित कोई भी ऐसा कृत्य अथवा करने का प्रयास (परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने सम्बन्धी प्रयत्न/अनुचित साधन का प्रयोग अथवा परीक्षा के किसी भी चरण में प्रतिरूपण Impersonation सम्बन्धी प्रकरणों सहित) जो कि भारतीय न्याय संहिता अथवा भारत सरकार एवं उ0प्र0 शासन द्वारा प्रख्यापित किसी अन्य अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत अपराध की श्रेणी में आता है तो ऐसे प्रकरणों में सम्बन्धित व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता तथा उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 (जिसके अंतर्गत आजीवन कारावास और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है) व अन्य अधिनियमों के सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी। अभ्यर्थी को परीक्षा विशेष से तथा आयोग की आगामी परीक्षाओं से वंचित भी किया जा सकता है।

सचिव
उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग
प्रयागराज।

# परिशिष्ट–1

## उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए जाति प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ........................................................ सुपुत्र/सुपुत्री श्री ....................................................निवासी ग्राम.................................................................................. तहसील ................................... नगर............................................ जिला.........................................उत्तर प्रदेश राज्य की ................................................जाति के व्यक्ति हैं जिसे संविधान (अनूसूचित जाति)/अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता दी गयी है।

श्री/श्रीमती/कुमारी......................................................................... तथा/अथवा उनका परिवार उत्तर प्रदेश के ..................................ग्राम ........................................................................ तहसील.............................................. नगर.............................जिला.................................................में सामान्यता रहता/रहती है।

| | |
|---|---|
| स्थान.................................. | हस्ताक्षर.................................... |
| दिनांक................................ | पूरा नाम...................................... |
| मुहर..................................... | पद का नाम............................... |

जिलाधिकारी/अतिरिक्त जिलाधिकारी/सिटी माजिस्ट्रेट/तहसीलदार

# परिशिष्ट–2

## उत्तर प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए जाति प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.................................................सुपुत्र/सुपुत्री श्री ..........................................निवासी ग्राम................................................ तहसील ...................................... नगर............................... जिला..............................उत्तर प्रदेश राज्य की ......................................पिछड़ी जाति के व्यक्ति है यह जाति उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियां/अनुसूचित जनजातियां तथा पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 (यथासंशोधित) की अनुसूचित एक के अंतर्गत मान्यता प्राप्त है।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी............................................................................. पूर्वोक्त अधिनियम 1994 (यथासंशोधित) की अनुसूचित दो (संशोधन अनिधनियम, 2001 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है एवं जो उत्तर प्रदेश लोक सेवा अनुसूचित जातियां/अनुसूचित जनजातियां तथा पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण)(संसोधन) अधिनियम 2002 द्वारा संसोधित की गयी है से अच्छादित नहीं है। इनके माता–पिता की निरंतर तीन वर्ष की अवधि के लिए सकल वार्षिक आय 8 लाख या इससे अधिक नहीं है तथा पास धनकर अधिनियम 1957 में यथाविहित छूट सीमा से अधिक संपति भी नहीं हैं।

श्री/श्रीमती/कुमारी ........................................................................ तथा/अथवा उनका परिवार उत्तर प्रदेश के ग्राम ........................................................ तहसील .......................................... नगर................................................ जिला ............................................................ में सामान्यता रहता/रहती है।

स्थान .................................. हस्ताक्षर ....................................

